प्रेषक,

जिला आबकारी अधिकारी,
चमोली।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्याः 1760/व्यवस्थापन/2023-24/चमोली/दिनांक फरवरी, 23, 2024

**विषयः** **जनपद चमोली में वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु राजस्व चार्ट में अंकित उपदुकानों के अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तराखण्ड शासन, आबकारी अनुभाग संख्या- 148(1)/XXIII-1/2024-04(1)/2024 देहरादून दिनांक 21 फरवरी, 2024 द्वारा जारी अधिसूचना/ उत्तराखण्ड आबकारी नीति विषयक नियमावली, 2024 के विन्दु संख्याः 3.14 के अनुपालन में जनपद चमोली के अन्तर्गत विदेशी मदिरा दुकानों हेतु उपदुकानों का चयन कर उनका राजस्व निर्धारण चार्ट में उल्लेख किया गया है।

अतः उत्तराखण्ड आबकारी विषयक नियमावली 2024-2025 के विन्दु संख्याः 3.14 में किये गये प्रावधान के अनुसार जनपद में विदेशी मदिरा दुकानों हेतु उपदुकान का उल्लेख करते हुए राजस्व निर्धारण चार्ट अनुमोदनार्थ प्रेषित है।

संलग्नकः राजस्व निर्धारण चार्ट 2024-25।

भवदीय,

23/02/2024

(प्रमोद मैठाणी)
जिला आबकारी अधिकारी,
चमोली।

जिला आबकारी अधिकारी
चमोली

Scanned with OKEN Scanner

उत्तराखण्ड शासन, आबकारी अनुभाग की अधिसूचना संख्या– 148(1)/XXIII-1/2024-04/(01)/ 2024 दिनांक 21 फरवरी, 2024 के कम में जनपद चमोली हेतु राजस्व निर्धारण चार्ट

| क्र0 सं0 | दुकान का नाम | वित्तीय वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत वार्षिक (12 माह) हेतु दुकानवार व्यवस्थापित/आगणित राजस्व का विवरण | | | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु दुकानवार राजस्व निर्धारण | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नवीनीकरण/लाटरी चरण | आफलाईन टैंडर चरण | अधिकतम ऑफर चरण | | | | | | | | | |
| | | वित्तीय वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत नवीनीकृत मदिरा दुकानों का व्यवस्थापित राजस्व (दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 31.03.2024 तक) | वित्तीय वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत दिनांक 26.04.2023 से दिनांक 31.03.2024 तक आफ लाईन टैंडर के माध्यम से विगत वित्तीय वर्ष 2022–23 के राजस्व पर व्यस्थापित मदिरा दुकानों का वर्ष 2023–24 के 12 माहों का आगणित व्यवस्थापित राजस्व | वित्तीय वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत दिनांक 17.05.2023 को आफर के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 31.03.2024 तक वर्ष 2023–24 के 12 माहों का आगणित व्यस्थापित राजस्व | वित्तीय वर्ष 2023–24 के व्यवस्थापित राजस्व पर 10 प्रतिशत की वृद्वि करने के पश्चात् वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु दुकानवार निर्धारित राजस्व | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु नवीनीकरण शुल्क | वित्तीय वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत उपदुकान हेतु अनुज्ञापन शुल्क (कालम संख्या 9 का 2 गुना) | वित्तीय वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत दुकानवार अनुज्ञापन शुल्क (कालम संख्या 6 का 1 प्रतिशत एवं 1000 के पूर्णांक में ) | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु कुल वार्षिक अधिभार (कालम संख्या 6–कालम 9) | वित्तीय वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत एक माह हेतु न्यूनतम मसिक प्रत्याभूत ड्यूटी की धनराशि (मासिक अधिभार) | वित्तीय वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत हेसियत की धनराशि (कुल वार्षिक राजस्व का 15 प्रतिशत) | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु प्रथम प्रतिभूति की धनराशि (कुल वार्षिक अधिभार का 1/12) | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु द्वितीय प्रतिभूति धनराशि (कुल वार्षिक अधिभार का 1/12) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | गोपेश्वर | 90756369 | 0 | 0 | 99832006 | 249580 | 1996000 | 998000 | 98834006 | 8236167 | 14974801 | 8236167 | 8236167 |
| 2 | गौचर | 72888156 | 0 | 0 | 80176972 | 200442 | 1604000 | 802000 | 79374972 | 6614581 | 12026546 | 6614581 | 6614581 |
| 3 | पोखरी | 68170476 | 0 | 0 | 74987524 | 187469 | 1500000 | 750000 | 74237524 | 6186460 | 11248129 | 6186460 | 6186460 |
| 4 | चमोली | 60150420 | 0 | 0 | 66165462 | 165414 | 1324000 | 662000 | 65503462 | 5458622 | 9924819 | 5458622 | 5458622 |
| 5 | नन्दप्रयाग | 42647827 | 0 | 0 | 46912610 | 117282 | 938000 | 469000 | 46443610 | 3870301 | 7036891 | 3870301 | 3870301 |
| 6 | माईथान | 20521908 | 0 | 0 | 22574099 | 56435 | 452000 | 226000 | 22348099 | 1862342 | 3386115 | 1862342 | 1862342 |
| 7 | ग्वालदम | 27881489 | 0 | 0 | 30669638 | 76674 | 614000 | 307000 | 30362638 | 2530220 | 4600446 | 2530220 | 2530220 |
| 8 | कर्णप्रयाग | 0 | 129532042 | 0 | 142485246 | 356213 | 2850000 | 1425000 | 141060246 | 11755021 | 21372787 | 11755021 | 11755021 |
| 9 | जोशीमठ | 0 | 97627811 | 0 | 107390592 | 268476 | 2148000 | 1074000 | 106316592 | 8859716 | 16108589 | 8859716 | 8859716 |
| 10 | गैरसैंण | 0 | 62806513 | 0 | 69087164 | 172718 | 1382000 | 691000 | 68396164 | 5699680 | 10363075 | 5699680 | 5699680 |
| 11 | थराली | 0 | 51270623 | 0 | 56397685 | 140994 | 1128000 | 564000 | 55833685 | 4652807 | 8459653 | 4652807 | 4652807 |
| 12 | नारायणबगड | 0 | 0 | 54063616 | 59469978 | 148675 | 1190000 | 595000 | 58874978 | 4906248 | 8920497 | 4906248 | 4906248 |
| 13 | देवाल | 0 | 0 | 48609277 | 53470204 | 133676 | 1070000 | 535000 | 52935204 | 4411267 | 8020531 | 4411267 | 4411267 |
| 14 | घाट | 0 | 0 | 44190252 | 48609277 | 121523 | 972000 | 486000 | 48123277 | 4010273 | 7291392 | 4010273 | 4010273 |
| 15 | मैहलचौरी | 0 | 0 | 21922956 | 24115252 | 60288 | 482000 | 241000 | 23874252 | 1989521 | 3617288 | 1989521 | 1989521 |
| | **योग** | **383016645** | **341236989** | **168786101** | **982343708** | **2455859** | **19650000** | **9825000** | **972518708** | **81043226** | **147351556** | **81043226** | **81043226** |

**नोट :–** आबकारी नीति विषयक नियमावली 2024–25 के विन्दु संख्याः 3. 14 के अनुपालन में विदेशी मदिरा की दुकान गोपेश्वर, चमोली, नन्दप्रयाग, घाट, पोखरी, जोशीमठ, कर्णप्रयाग, गौचर, नारायणबगड़, थराली, गैरसैण, मेहलचौरी, माईथान, देवाल, ग्वालदम हेतु कमशः पोखरी बैड, पीपलकोटी, लंगासू, काण्डई पुल, मोहनखाल, हैंलग, नौटी, कमेड़ा, रैंस चौपता, कुलसारी, बोईताल, बाटाधार/नागचुलाखाल, गंगानगर, लोहाजंग ,लोल्टी में उपदुकान सृजन प्रस्तावित हैं।

23/2/24
श्रीमती आराधना रावत,
आबकारी निरीक्षक,
क्षेत्र–1 चमोली।

23/02/2024
श्री जयबीर सिंह
आबकारी निरीक्षक,
क्षेत्र–2 कर्णप्रयाग।

23/2/24
श्रीमती आराधना रावत,
आबकारी निरीक्षक,
क्षेत्र–3 जोशीमठ।

23/2/2024
श्री प्रमोद मैठाणी,
जिला आबकारी
अधिकारी, चमोली।

श्री विवेक प्रकाश,
अपर जिलाधिकारी,
चमोली।

जिलाधिकारी,
चमोली।

Scanned with OKEN Scanner

**अपर जिलाधिकारी/जिलाधिकारी महोदय,**

कृपया पत्रावली के सम्मुख भाग पर प्रस्तुत उत्तराखण्ड शासन आबकारी अनुभाग संख्या–148(1)/XXIII–1/2024–04(1)/2024 देहरादून दिनांक 21 फरवरी, 2024 द्वारा जारी अधिसूचना उत्तराखण्ड आबकारी नीति विषयक नियमावली, 2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके **बिन्दु संख्या–1.1 के अनुसार राजस्व का निर्धारण "(1) वित्तीय वर्ष 2023–24 में जनपद के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए समस्त संचालित मदिरा दुकानों में व्यवस्थापित राजस्व को वार्षिक आगणन के आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए विदेशी मदिरा दुकानों तथा 7 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए देशी मदिरा दुकानों का वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये नवीनीकरण किया जा सकेगा" (पताका–क)। इसके अतिरिक्त विन्दु संख्याः 3.14 के अनुसार " प्रदेश के समस्त जनपदों में संचालित मदिरा दुकान के सापेक्ष एक उपदुकान खोले जाने की अनुमति दी सकेगी। प्रत्येक उपदुकान का अनुज्ञापन शुल्क मूल मदिरा दुकान के अनुज्ञापन शुल्क का दुगुना होगा। प्रतिबन्ध यह रहेगा कि दुकानों के व्यवस्थापन से पूर्व उपदुकानों का चयन कर जिलाधिकारी के प्रस्ताव पर आबकारी आयुक्त द्वारा निर्णय लिया जायेगा। अनुमोदन के उपरान्त भी उप दुकान खोलना अनुज्ञापी के लिए बाध्यकारी नही होगा एवं राजस्व निर्धारण चार्ट में भी इस बात का उल्लेख किया जायेगा कि किसी दुकान की उप दुकान खोली जा सकती है" , का प्रावधान किया गया है।(पताका–ख)**

उपरोक्त क्रम में सादर अवगत कराना है कि जनपद चमोली के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल 15 (पन्द्रह) विदेशी मदिरा दुकान संचालित हैं। वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु जनपद अंतर्गत संचालित सभी 15 विदेशी मदिरा दुकानों का वित्तीय वर्ष 2023–24 के व्यवस्थापित राजस्व के कुल योग में 10 प्रतिशत वृद्धि करते हुये वित्तीय वर्ष 2024–25 का राजस्व निर्धारण चार्ट पत्रावली के दायी ओर संलग्न है। **(पताका–ग)** उक्त राजस्व निर्धारण चार्ट दिनांक 23.02.2024 तक निर्धारित किया जाना है। **(पताका–घ)**

अतः महोदय से अनुरोध है कि सहमति की दशा में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये जनपद चमोली में संचालित समस्त 15 विदेशी मदिरा दुकानों के नवीनीकरण से सम्बन्धित राजस्व निर्धारण चार्ट पर हस्ताक्षर करना चाहें ताकि सम्बन्धित चार्ट अनुमोदन हेतु आबकारी आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा सकें।

23/02/24
(धीरज भट्ट)
सहायक लेखाकार

23/02/2024
(प्रमोद मैठाणी)
जिला आबकारी अधिकारी,
चमोली।

ADM
23/02/2024

23/2/24